# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–27 जून 2025** **सान्ध्य समाचार**

विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर आज लखनऊ के लोकभवन में आयोजित एक समारोह में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूथ अड्डा का लोकार्पण करने के साथ ही सीएम युवा मोबाइल ऐप का शुभारम्भ और बरेली तथा मुरादाबाद में अट्ठारह करोड़ रूपये की ओडीओपी योजना के तहत कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर– सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने न सिर्फ उद्यमियों की उपेक्षा की बल्कि जातीय संघर्षों को बढ़ावा देने का कार्य भी किया। भाजपा की डबल इंजन की सरकार जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदाय के युवाओं को समान अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सीएम युवा मोबाइल ऐप सभी समुदाय के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो से यूपी की वैश्विक पहचान बन रही है। श्री योगी ने समारोह के दौरान सितम्बर में ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा भी की।

***25 सिंतबर से 29 सिंतबर के बीच ये इंटरनेशनल ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा से इण्डिया एक्सपो सेंटर मे फिर से आयोजित होने जा रहा है और मुझे लगता है अभी से इसकी तैयारियां भी चल रह हैं उत्तर प्रदेश के प्रोडक्ट को फिर एक मंच वहां पर मिलेगा। देश और दुनिया के बॉयस वहां पर आकर के उत्तर प्रदेश के सामर्थ को उत्तर प्रदेश की शक्ति को वहां पर एक मंच से देखेगा।***

**********

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वाराणसी में मीडिया से बातचीत में कहा कि आपातकाल घोषित करना संविधान की हत्या करने के बराबर था। सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने के लिये कांग्रेस ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते हुए आपातकाल लगा दिया। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल संविधान का सम्मान करते हैं बल्कि उसे जीते हैं। लोकतंत्र बीजेपी के स्वभाव में है। सरकार ने संविधान की मूल भावना का आदर करते हुए नीति आयोग का गठन किया। जरूरत पड़ने पर विपक्षी नेताओं को प्रतिनिधिमण्डल में शामिल करते हुए विदेश भेजने का भी कार्य किया।

उधर, कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से आयोजित मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि एक परिवार की सत्ता को बचाये रखने के लिये कांग्रेस ने संविधान के प्राविधान का दुरूपयोग किया।

**********

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश सरकार ने इस वर्ष दो हजार पचीस में एक लाख से अधिक जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना में वित्तीय सहायता राशि बढ़ाकर एक लाख करने के साथ ही अब इसकी निगरानी व्यवस्था को भी और मजबूत करने के निर्देश दिये हैं। एक रिपोर्ट–

***प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने कहा कि अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को तकनीकी माध्यम से और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाया जा रहा है ताकि वास्तविक लाभार्थियों तक इसका फायदा पहुंच सके। आवेदन प्रक्रिया से लेकर सामग्री आपूर्ति तक के सभी चरणों को डिजिटल निगरानी में लाया जा रहा है। उपहारों की गुणवत्ता और वितरण को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गयी है। अब फार्मों का चयन जिला नहीं बल्कि निदेशालय स्तर से किया जायेगा ताकि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की सम्भावना न रहे। श्री अरूण ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाये रखने के लिये सरकार ने जनपदों में आब्जर्वर तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक जिले के समाज कल्याण अधिकारी को दूसरे जिले में ऑब्जर्वर के रूप में भेजा जायेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं अरूण।***

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे के भीतर करने के निर्देश दिये हैं। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन ने इसे लेकर प्रदेश भर में नई गाइड लाइन जारी की है। नई व्यवस्था के तहत अब शवों का पोस्टमार्टम अधिकतम चार घंटे में करना होगा। जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं वहां सीएमओ दो या उससे अधिक डॉक्टरों की टीम बनाकर पोस्टमार्टम समय से सुनिश्चित करायेंगे, ताकि परिजनों को शव के लिये अधिक इंतजार न करना पड़े।

**********

अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद–आई.सी.सी. ने ट्वेंटी–ट्वेंटी मैचों के लिए नए पावर–प्ले नियमों की घोषणा की है। अगले महीने से प्रभावी होने वाले नए नियमों के अनुसार, बारिश, खराब रोशनी या अन्य कारणों से आठ ओवर तक के किए गए मैच में अब पावर–प्ले 2 ओवर और दो गेंद का होगा और 30 गज के घेरे के बाहर केवल दो खिलाडी मौजूद रह सकेंगे। इसी तरह, पांच ओवर की पारी के लिए डेढ़ ओवर पावर–प्ले के होंगे। 10 ओवर की पारी में तीन ओवर और 15 ओवर की पारी के लिए साढ़े चार ओवर पावर–प्ले के निर्धारित किए गए हैं।

**********